# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ ।

**E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com; Fax/☎ 05964-225234**

पत्रॉकः—4486 / 12—1 दिनांक, पिथौरागढ़, 10 फरवरी, 2025 ।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
डीडीहाट ।

**विषय :—** **ऑनलाईन प्रस्ताव 14897 / 2021 खतेड़ा से सीणी मोटर मार्ग की लम्बाई 3.5 किमी0 के सम्बन्ध में।**

**सन्दर्भः—** **आपका पत्रांक 2718 / 3सी दिनांक 12.12.2024**

अत्यंत खेद का विषय है कि आपके द्वारा उक्त वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव को गम्भीरता से नहीं लिया जा रहा है। इस कार्यालय का पत्र 4720 / 12—1 दिनांक 02.03.2024 दिनांक का अवलोकन करना चाहें, जिसमें अवगत कराया गया था कि विषयक वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव के विभिन्न प्रपत्रों में वन भूमि की श्रेणी में एक रुपता नहीं है, कतिपय प्रपत्रों में यह राज्य भूमि (सिविल भूमि) तथा अन्यत्र प्रपत्रों में यह वन पंचायत की श्रेणी की बतायी गयी है, जिस कम में सभी प्रपत्रों में एकरुपता लाते हुए संशोधित प्रपत्र एवं वृक्षारोपण योजना व एन0पी0वी0 के प्रपत्रों में नवीन दरों के अनुसार संशोधित कर संशोधित प्रपत्र प्रस्ताव में संलग्न किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु वर्तमान तक आपके द्वारा इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है व संशोधित प्रपत्रों को प्रस्ताव में संलग्न नहीं किया गया है, केवल पत्र के माध्यम से इस कार्यालय को आख्या मात्र प्रस्तुत की जा रही है।

यह भी अवगत कराना है कि प्रस्ताव में संलग्न क्षतिपूरक वृक्षारोपण क्षेत्र व मार्ग समरेखन हेतु प्रस्तावित भूमि ओवरलैप है, जिसे संशोधित करना आवश्यक है। अतः तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि यदि उक्त वन भूमि हस्तांतरण प्रस्तावक की आवश्यकता नहीं है तो उक्त प्रस्ताव को पोर्टल से Withdraw करना सुनिश्चित करें।

(आशुतोष सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग पिथौरागढ़